सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **22**
**07/01/2026**

# सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की प्रगति हेतु जिलों के उप–विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

पटना 07 जनवरी, 2026 :– श्री मनोज कुमार, सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की प्रगति हेतु जिलों के उप –विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र को शीघ्र समर्पित करने हेतु सचिव पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। कार्य में धीमी प्रगति या विलंब की स्थिति में जिलों के उप–विकास आयुक्त पर स्पष्टीकरण की मांग करते हुए जवाबदेही तय की जाएगी। जिला परिषदों में कैंप लगाकर लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों का समर्पण तेजी से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के तहत विभाग द्वारा राज्य की ग्राम पंचायतों में तेजी से सोलर स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत राज्य की ग्राम पंचायतों में अब तक 8,90,705 सोलर स्ट्रीट लाइट्स का अधिष्ठापन किया जा चुका है। अधिष्ठापित सोलर स्ट्रीट लाइट्स की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में पदाधिकारियों को निरंतर निरीक्षण करने हेतु सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार ने निदेशित किया।

बैठक में 15 वीं वित्त आयोग तथा 6जी राज्य वित्त आयोग द्वारा संपोषित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति लेकर तेजी से खर्च करने हेतु सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा जिलों के उप – विकास आयुक्त एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

विभाग द्वारा राज्य की ग्राम पंचायतों में तेजी से पंचायत सरकार भवनों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है। अब तक राज्य की ग्राम पंचायतों में 2536 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही पंचायत सरकार भवन क्रियाशील रहें और लोगों को उनका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो यह सुनिश्चित करने हेतु भी सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। निर्मित पंचायत सरकार भवनों का शीघ्र हस्तांतरण सुनिश्चित कर क्रियाशील करने हेतु सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार द्वारा पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

राज्य की ग्राम पंचायतों में संचालित आरटीपीएस केंद्रों पर अब तक 22,77,220 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 22,03,672 का निष्पादन किया जा चुका है।

बैठक में श्री नवीन कुमार सिंह, निदेशक, श्री आदित्य प्रकाश, अपर सचिव, श्री नजर हुसैन, अपर सचिव, श्री शम्स जावेद अंसारी, संयुक्त सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहें।

——————————